M/J/IX/601

# CLASS-IX MONTHLY EXAMINATION, JANUARY - 2024

## कक्षा - IX मासिक परीक्षा, जनवरी - 2024

## HINDI (MT)

### मातृभाषा हिन्दी

JANUARY-2024

 | 

(समय : 1 घंटा 30 मिनट)
[ Time : 1 Hour 30 Minutes ]

विषय कोड/Sub. Code : **101**

( पूर्णांक : 50 )
[ Full Marks : 50 ]

***प्रत्येक प्रकार के प्रश्नों के अंतर्गत दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें तथा उसके अनुसार उत्तर दें।***

**खण्ड – अ**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

***प्रश्न संख्या 1 से 30 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर नीला या काला बॉल प्वाइंट पेन से चिह्नित करें। किन्हीं 25 प्रश्नों के उत्तर दें। 25 × 1 = 25***

1. 'निबंध' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं ?
   (A) रामकुमार (B) जगदीश नारायण चौबे
   (C) राजेन्द्र प्रसाद (D) शरद जोशी

2. लीलावती किस शीर्षक पाठ की पात्रा है ?
   (A) लाल पान की बेगम (B) कहानी का प्लॉट
   (C) सूखी नदी का पुल (D) इनमें से कोई नहीं

3. 'निबंध' शीर्षक पाठ के अनुसार कल्पना किसका प्रवेश द्वार है ?
   (A) अज्ञातलोक का (B) नरकलोक का
   (C) पाताललोक का (D) अशांतलोक का

4. 'सूखी नदी का पुल' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं ?
   (A) शरद जोशी (B) रामधारी सिंह दिवाकर
   (C) फणीश्वरनाथ रेणु (D) रामकुमार

5. लीलावती कितने वर्षों के बाद नैहर लौट रही है ?
   (A) दस-ग्यारह वर्षों के बाद (B) बारह-तेरह वर्षों के बाद
   (C) तेरह-चौदह वर्षों के बाद (D) चौदह-पन्द्रह वर्षों के बाद

6. रामधारी सिंह दिवाकर का जन्म किस राज्य में हुआ था ?
   (A) मध्य प्रदेश में (B) बिहार में
   (C) उड़ीसा में (D) असम में

7. अच्छे निबंध लेखन के लिए किसकी आवश्यकता है ?
   (A) कल्पनाशक्ति की (B) अज्ञानता की
   (C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

8. 'सरहद के पार' नामक कृति किसकी है ?
   (A) शिवपूजन सहाय (B) विष्णु प्रभाकर
   (C) रामधारी सिंह दिवाकर (D) रामकुमार

9. 'निम्मो की मौत पर' शीर्षक पाठ के रचनाकार कौन हैं ?
   (A) विजय कुमार (B) राजेश जोशी
   (C) हरिऔध (D) लीलाधर जगूड़ी

10. 'मृत्युदंड' नामक फिल्म का निर्देशन किसने किया ?
   (A) रामकुमार वर्मा (B) संजय लीला भंसाली
   (C) प्रकाश झा (D) अनुराग कश्यप

11. उदित नारायण किस रूप में प्रसिद्ध हैं ?
   (A) नर्तक के रूप में (B) अभिनेता के रूप में
   (C) गायक के रूप में (D) खलनायक के रूप में

12. 'निम्मो की मौत पर' शीर्षक पाठ की विधा क्या है ?
   (A) कहानी (B) कविता
   (C) निबंध (D) रेखाचित्र

13. सालों-साल किसने अम्मा को चिट्ठी नहीं लिखी ?
   (A) कमली ने (B) अम्मो ने
   (C) कम्मो ने (D) निम्नो ने

14. 'दोपहर' नामक कविता के कवि हैं
   (A) विजय कुमार (B) सीताकांत महापात्र
   (C) हरिऔध (D) मंझन

15. निम्मो कौन थी ?
   (A) घरेलू नौकरानी (B) महारानी
   (C) डॉक्टर (D) नर्स

16. 'लानत' शब्द का अर्थ है
   (A) अचानक (B) लात
   (C) भर्त्सना (D) अभिमान

17. प्रसिद्ध कवि नागार्जुन ने किनके गद्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है ?
   (A) जगदीश नारायण चौबे (B) लीलाधर जगूड़ी
   (C) राजेश जोशी (D) विजय कुमार

18. गाँव के सामाजिक ताने-बाने में आए बदलाव की कहानी है
   (A) सूखी नदी का पुल (B) कहानी का प्लॉट
   (C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

19. 'सरोज' शब्द का संधि-विच्छेद है
   (A) सरो + ज (B) सरः + ज
   (C) सर + अज (D) स + रोज

20. 'मुँह उतरना' मुहावरे का अर्थ है

(A) प्रसन्न होना
(B) चहकना
(C) उदास होना
(D) बदसूरत होना

21. 'कान खोलना' मुहावरे का अर्थ है

(A) होशियार होना
(B) बहादुर होना
(C) नालायक होना
(D) सावधान करना

22. 'दाँत काटी रोटी' मुहावरे का अर्थ है

(A) कच्ची दोस्ती
(B) गहरी दोस्ती
(C) पक्की दुश्मनी
(D) कपटी मित्र

23. 'भानूदय' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) भानु + उदय
(B) भानू + उदय
(C) भानू + दय
(D) भान + दय

24. 'पुरुषोत्तम' शब्द में समास है

(A) संबंध तत्पुरुष
(B) कर्म तत्पुरुष
(C) करण तत्पुरुष
(D) अधिकरण तत्पुरुष

25. निम्नलिखित में कौन द्विगु समास का उदाहरण है ?

(A) नवरत्न
(B) वीरकन्या
(C) नवयुवक
(D) लम्बोदर

26. 'सुपथ' शब्द का विलोम है

(A) सुरंग
(B) कुपथ
(C) निरंग
(D) विहग

27. 'जो मन को हर ले' - वाक्यखंड के लिए एक शब्द है

(A) मितभाषी
(B) बहुभाषी
(C) मनोहर
(D) धरोहर

28. 'अपेक्षा' शब्द का अनेकार्थी शब्द नहीं है

(A) अंश
(B) इच्छा
(C) आवश्यकता
(D) आशा

29. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन 'हरि' शब्द का अनेकार्थी नहीं है ?

(A) विष्णु
(B) सर्प
(C) मेढ़क
(D) शक्ति

30. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन 'पानी' शब्द का अनेकार्थी है ?

(A) जल, इज्जत, चमक
(B) बलिदान, उपहार, कर
(C) असर, महिमा, दबाव
(D) जाति, रंग, अक्षर

## खण्ड – ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

### लघु उत्तरीय प्रश्न

1. *निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें।* **5 × 2 = 10**

   (i) ललित निबंध की क्या विशेषता होती है ?

   (ii) निबंध लेखन में कल्पना का क्या महत्त्व है ?

   (iii) जगदीश नारायण चौबे का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

   (iv) लेखक जगदीश नारायण चौबे के अनुसार हिन्दी निबंध की दुर्दशा का कारण क्या है ?

   (v) 'बुच्ची दाय' सुनने में लीलावती को आनंदातिरेक की अनुभूति क्यों होती है ?

   (vi) लीलावती खवासटोली और बबुआन टोली को तबाह होने से किस प्रकार बचा लेती है ?

   (vii) निम्मो समाज के किस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है ?

   (viii) कवि विजय कुमार ने निम्मो की तुलना 'भीगी हुई चिड़िया' से क्यों की है ?

   (ix) बिहार में सबसे पहली फिल्म किसने बनाई थी और उस फिल्म का नाम क्या था ?

   (x) 'कनक' शब्द का अनेकार्थी लिखें।

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

2. *निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें :* **3 × 5 = 15**

   (i) अच्छे निबंध के लिए क्या आवश्यक है ? विस्तार से तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

   (ii) गाँव शहर से किस प्रकार भिन्न होता है ? सूखी नदी का पुल' शीर्षक पाठ के अनुसार वर्णन करें।

   (iii) 'निम्मो की मौत पर' शीर्षक पाठ का भावार्थ लिखें।

   (iv) फिल्म-निर्देशक प्रकाश झा का परिचय दीजिए।

   (v) रामधारी सिंह दिवाकर का जीवन परिचय दीजिए।